# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (2018–19)

कक्षाः चौथी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषयः हिन्दी

**उपविषयः–** पाठ–9ः एक शहर है फूलों का, पाठ–10ः बीरबल की चतुराई पाठ–11ः धर्मशाला की सैर
पाठ–12ः कविता (समय)

**व्याकरण संबंधित**–क्रिया भेदों सहित, काल भेदों सहित, विलोम शब्द, विशेषण भेदों सहित, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अशुद्धि शोधन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन।

### अपठित गद्यांश

प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। एक दिन डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपने कमरे में बैठे कुछ काम कर रहे थे। तभी उनका एक पुराना कर्मचारी तुलसी वहाँ आया और मेज़ साफ़ करने लगा। उसी मेज़ पर हाथी दाँत से बना एक बहुमूल्य पेन रखा था। वह पेन डॉ. राजेंद्र प्रसाद को बहुत प्रिय था, क्योंकि वह पेन उन्हें किसी ने उपहारस्वरूप दिया था। अचानक तुलसी के हाथ से पेन गिरकर टूट गया। अपने टूटे पेन को देखकर राजेंद्र प्रसाद बहुत दुखी हुए। आवेश में आकर उन्होंने तुलसी को डाँट दिया। तुलसी चुपचाप दूसरे कमरे में चला गया। कुछ ही देर बाद राजेंद्र बाबू को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने तुलसी को बुलाया और प्यार से कहा–"तुलसी काका!मैंने क्रोध में आकर आपको बहुत कठोर शब्द कहे हैं। क्या आप मुझे क्षमा कर देंगे?" राजेंद्र बाबू की बात सुनकर तुलसी चकित रह गया। उसकी आँखों में आँसू आ गए। वह राजेंद्र बाबू के चरणों में गिर पड़ा।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1) डॉ. राजेंद्र प्रसाद को हाथी दाँत से बना पेन क्यों प्रिय था?

2) डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने तुलसी से क्षमा माँगते हुए क्या कहा?

ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिएः–

1) प्रथम– तीसरा, पहला　　　　2) चकित– शैतान, हैरान

ग) सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइएः–

1) डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपने बगीचे में बैठे थे।

2) तुलसी की आँखों में आँसू आ गए।

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिएः–

1) डॉ. राजेंद्र प्रसाद कौन थे?

क) प्रथम राष्ट्रपति　　　　ख) प्रथम प्रधानमंत्री

2) तुलसी कमरे में आकर क्या साफ़ करने लगा?

क) बोतल　　　　ख) मेज़

## पाठ से संबंधित

प्र02 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

अगले दिन हम 'भागसूँ नाग' नामक जगह पर गए। वहाँ एक बहुत बड़ा झरना था, जिसमें नहाकर बड़ा मज़ा आया। जहाँ हम नहा रहे थे, उसके चारों ओर ऊँचे–ऊँचे पहाड़ थे। उसमें एक साथ हज़ारों लोग नहा रहे थे। तीसरे और अन्तिम दिन बड़ा मज़ा आया। उस दिन हम धर्मशाला से काफ़ी ऊँचाई पर बनी एक झील देखने गए। इसका नाम 'डल झील' था। इस झील का नाम तो डल झील था, पर यह कश्मीर की डल झील नहीं है। यह झील तो उससे बहुत छोटी है। इसके चारों ओर ऊँचे–ऊँचे पेड़ हैं। यहाँ पर थोड़ी–थोड़ी देर में बारिश होती रही इसलिए और मज़ा आया!हमने झील में नौकायन (बोटिंग) किया। फिर शाम को अपने होटल आ गए क्योंकि रात को ही हमारी वापसी की बस थी।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1) झरने के चारों ओर क्या था और उस झरने में कितने लोग एक साथ नहा रहे थे?

2) धर्मशाला से काफ़ी ऊँचाई पर बनी झील का नाम क्या है तथा उसके चारों ओर क्या है?

ख) निम्नलिखित वाक्य पर सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइएः–

1) धर्मशाला की डल झील कश्मीर की डल झील से बहुत बड़ी है।

प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

क) ट्यूलिप के अलावा यहाँ और कौन–कौन से फूल दिखाई पड़ते हैं?

ख) धनसुख किसकी बात सुनकर घबरा गया तथा उसने बीरबल को क्या वचन दिया?

ग) चंद्रन ने अगली छुट्टियों में कहाँ जाने की योजना बनाई?

प्र04 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क) मैं तुम्हें .................... की कुछ तस्वीरें भेज रहा हूँ।

ख) मैं बादशाह अकबर के दरबार में .................... क़र दूँगा।

ग) हिन्दी फ़िल्मों के कई .................... दृश्य यहाँ फ़िल्माए जा चुके हैं।

घ) तीसरे और .................... दिन बड़ा मज़ा आया।

प्र05 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइएः–

क) प्रसिद्ध　ख) सैलानी　ग) आईना　घ) संकल्प

प्र06 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिएः–

क) फूलों का यह शहर कितना पुराना है?

(175 साल / 120 साल)

ख) धनसुख ने किससे क्या लौटाने की बात कही?

(रामदीन से सोने की पचास मुद्राएँ / रामदीन से गहने)

ग) धर्मशाला का मौसम कैसा था?

(गरम / सुहावना)

प्र07 निम्नलिखित वाक्य किसने कहेः–

क) "अपने माता–पिता को मेरा प्रणाम कहना।"

ख) "तो आईने में दिखने वाली मुद्राएँ उठा लो।"

प्र08 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिएः–

क) फूल सदैव मुसकाते हैं,

........................................,

जीवन हँसते रहना है,

........................................ ।

ख) करम ही जिसकी रीत है,

........................................,

अंत में उसकी जीत है,

........................................ ।

**व्याकरण से संबंधित**

प्र09 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिएः–

क) किसान हल चला रहा है।

ख) रमेश फ़िल्म देख रहा है।

ग) रोहित खेल रहा है।

घ) मोर नाच रहा है।

प्र010 निम्नलिखित वाक्यों के सामने काल का नाम लिखिएः–

क) वर्षा हो रही है।

ख) कल हमारा मैच होगा।

ग) मैं कल स्कूल गई थी।

घ) नेताजी भाषण दे रहे हैं।

प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क) हमें सबकी भलाई करनी चाहिए .................... नहीं।

ख) हमें दूसरों के गुण अपनाने चाहिए .................... नहीं।

ग) हमें सच का साथ देना चाहिए .................... का नहीं।

घ) हमें देशी चीज़ें अपनानी चाहिए .................... नहीं।

प्र012 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिएः–

क) मैंने चार किताबें खरीदी। (संख्यावाचक / परिमाणवाचक)

ख) मुझे दो किलो चावल दे दो। (गुणवाचक / परिमाणवाचक)

ग) यह मीठा आम है। (गुणवाचक / संख्यावाचक)

प्र013 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य पुनः लिखिएः–

क) राम खेल रही है।

ख) तुमका नाम क्या है?

ग) लड़का ने भोजन खाया।

प्र014 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः–

क) गाँव में रहने वाले को .................... कहते हैं।

ख) राम के पिता जी बहुत अच्छे लेख लिखते हैं, तभी वे अच्छे .................... कहलाते हैं।

ग) खेती करने वाले को .................... कहते हैं।

प्र015 'अन्न का दाता किसान' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए –

(शब्द सीमा 70–80)

सहायक सूचीः–अन्न का दाता, मेहनत, लगन, धूप–छाँव, अच्छी फ़सल, सिंचाई, दिन–रात एक, बीज, कटाई, देखभाल, गर्व।